### दूसरे डोज के लिए भी परेशान कुछ स्थानों पर सामने आई परेशानियां

# टोकन दिया, समय दिया, जब हितग्राही पहुंचा तो कह दिया खत्म हो गया टीका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में कोरोना टीकाकरण को लेकर सोमवार को कोविशिल्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण किया गया। इस दौरान जिले भर में 75 केंद्र निर्धारित किए गए थे लेकिन इनमें से भी शहर के कुछ केंद्रों पर अव्यवस्था जैसे हालात नजर आए। एक जगह तो हालात ऐसे थे कि एक हितग्राही को सुबह टोकन दिया, समय दिया और जब हितग्राही टीका लगवाने पहुंचा तो कह दिया कि टीके खत्म हो गए हैं, आप बाद में आ जाना।

वहीं दूसरा डोज लगवाने के लिए भी केंद्रों पर बड़ी संख्या में हितग्राहियों की कतार लगी नजर आई। दूसरे डोज के लिए शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कई केंद्र बनाए गए थे, जहां पर उक्त क्षेत्र के रहवासियों द्वारा टीकाकरण कराया गया। जिले भर के सभी केंद्रों पर 11660 टीके लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके अनुरूप 12323 लोगों का टीकाकरण किया गया। शहर के मालिक व क्षेत्र में टोकन वितरण के बाद भी टीकाकरण जब शुरू नहीं हुआ तो कुछ लोगों ने इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी जिस पर टीके केंद्र पर भेजे गए और टीकाकरण शुरू कराया गया।



पत्रिका

पत्रिका 6/7/21

# चहुमुखी विकास किया जाएगा प्रभारी मंत्री भदोरिया

रतलाम । प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया का रविवार को प्रथम रतलाम आगमन पर भव्य स्वागत



## ▶ जनप्रतिनिधियों ने की प्रभारी मंत्री से मुलाकात

अभिनंदन किया गया। स्थानीय सर्किट हाउस पर मौजूद जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पहारों से प्रभारी मंत्री का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार विकसित रतलाम बनाने के लिए सबके सहयोग से कार्य करेंगे। शासकीय योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन हो, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले। समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को समय पर बिजली मिले और समय पर ही मेंटेनेंस भी हो। शासन द्वारा निर्धारित नीति अनुसार ही स्थानांतरण प्रक्रिया रहेगी। दक्ष एवं योग्य अधिकारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जो अधिकारी, कर्मचारी कार्य नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व विधायक संगीता चारेल, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

नवभारत 6/7/21

# मंत्री भदोरिया का अभिनन्दन किया



रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदोरिया के प्रथम नगर आगमन पर राजपूत नवयुवक मण्डल एवं न्यास द्वारा उनका साफा बांधकर, पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मिय अभिनन्दन किया। साथ ही हाथीखाना स्थित राजपूत धर्मशाला भवन के भव्य विस्तार का अवलोकन करने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व पार्षद भगदसिंह भदोरिया,

# जिले में महाअभियान के तहत 1 लाख 43 हजार 376 लोगों को टीका लगाया गया



**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में महाअभियान के तहत 21 जून से 5 जुलाई तक 143376 लोगों को टीका लगाया गया है। इस अभियान के दौरान 18-44 आयु वर्ग के एक लाख 671 लोगों को तथा 45 वर्ष से अधिक आयु के 42690 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। इनमें आलोट विकासखंड में 17689, बाजना विकासखंड में 8149, सैलाना विकासखंड में 9758, जावरा विकासखंड में 21255,

गया। जिले में सोमवार को 12 हजार 323 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। इस दौरान आलोट विकासखंड में 1094, बाजना विकासखंड में 524, सैलाना विकासखंड 503, जावरा विकासखंड में 2120, पिपलोदा विकासखंड में 1042, रतलाम ग्रामीण 1081, रतलाम शहर में 5959 का वैक्सीनेशन किया गया। इस दौरान 18 से 44 आयु वर्ग के 227 लोगों को वैक्सीन लगाई गई जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु के 12096 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

सोमवार को 44 वर्ष के 227

# सेंव की खुशबू ने रोक दिया सिंधिया का काफिला... नमकीन साथ ले गए



**रतलाम** | विधायक चेतन काश्यप के घर के पास रतलामी सेंव को बनते देख सिंधिया ने गाड़ी रुकवा दी। गाड़ी से उतरते ही उन्होंने सबसे पहले सेंव बनाने की जानकारी ली। उन्होंने कहा सेंव को पहली बार बनता देखा है। वे अपने साथ नमकीन भी ले गए।

भास्कर

दै. भास्कर 6/7/21



# विशेष निवेश क्षेत्र से मालवा-निमाड़ का प्रमुख केन्द्र बनेगा रतलाम : काश्यप

प्रसारण न्यूज * रतलाम

राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया रतलाम प्रवास के दौरान विधायक चेतन्य काश्यप के जनसंपर्क कार्यालय पर पहुंचे। यहां आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में 'हमारा रतलाम-नया रतलाम' की जो विचारधारा दिखी है, उसे हम सबको साथ मिलकर साकार रूप देना है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम में विशेष निवेश क्षेत्र बनाने की जो घोषणा की है उसे सब मिलकर जल्द ही मूर्त रूप देंगे।

विधायक श्री काश्यप के कार्यालय पर श्री सिंधिया का जोरदार स्वागत किया गया। आरंभ में स्वागत भाषण देते हुए विधायक श्री काश्यप ने कहा कि श्री सिंधिया ऐसे व्यक्ति है, जिन्होंने मध्यप्रदेश को कांग्रेस के कुशासन से मुक्त कर इतिहास में अपना नाम लिख दिया है। राजमाता सिंधिया के वात्सल्य से पार्टी का हर कार्यकर्ताओं अभिभूत रहा है।

श्री सिंधिया के आने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में ऐसी सरकार दी है, जो जनहित की राष्ट्रवादी सरकार है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विकास की गति लगातार बढ़ रही है। डीएमआईसी (दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कोरीडोर) के तहत वर्ष 2014 में रतलाम के विकास हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसे आगे बढ़ाते हुए रतलाम में 1800 हेक्टेयर में 1800 करोड़ की लागत से विशेष निवेश क्षेत्र की घोषणा की है। यह क्षेत्र दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे से 4 किलोमीटर की दूरी पर बनेगा और इससे रतलाम में बड़ा निवेश होगा। श्री काश्यप ने कहा कि विशेष क्षेत्र रतलाम की दिशा बदल देगा। इससे मालवा निमाड़ में यह क्षेत्र पुनः प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक केन्द्र के रूप में स्थापित होगा।

श्री सिंधिया ने कहा कि वे कोरोना काल में हुई हानि के प्रति श्रद्धांजलि एवं संवेदना व्यक्त करने के उद्देश्य से क्षेत्र के दौरे पर आए है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ मास्क हमारी ढाल है और टीकाकरण तलवार है। कोरोना को मिटाना है, तो हमें इस ढाल और तलवार दोनों को साथ रखना होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में 36 करोड़ लोगों का टीकाकरण हो चुका है, जो विश्व स्तर पर एक कीर्तिमान है। पूर्व में आई बीमारियों के टीके देश को आयात करने पड़ते थे, लेकिन कोरोना काल में हमारी सरकार ने स्वदेशी टीका निर्मित कर उसे निर्यात किया है। श्री सिंधिया ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में सरकार सहित हर व्यक्ति ऑक्सीजन, रेमडेसिवीर आदि के प्रबंध में जुटा रहा। रतलाम में विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से अल्प समय में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई, जिससे रतलाम सहित आसपास के जिलों एवं पड़ोसी राज्यों को भी लाभ मिला और कोरोना पर काबू पाया जा सका। श्री काश्यप ने ऑक्सीजन संकट के दौरान मेडिकल कॉलेज में अपने फाउण्डेशन से प्लांट की स्थापना सहित पूरे मालवांचल में कंसंट्रेटर व प्लांट का प्रबंध किया जो अनुकरणीय है। आज खुशी की बात है कि मालवा के कई जिलों में टेस्टिंग उतनी ही हो रही है, लेकिन केस शुन्य पर आ गए है। यह सोचने की बात है कि यदि कोरोना के काल में कमलनाथ सरकार होती तो मध्यप्रदेश का क्या हाल होता। क्योंकि जिनके पास समय ही नहीं था और जिनकी बुनियाद ही भ्रष्टाचार पर टिकी थी। कांग्रेस पार्टी आज क्वारेंटाईन हो गई है, उसका एक मात्र काम ट्वीटर पर टिक-टिक करना रह गया है। श्री सिंधिया को श्री काश्यप व श्रीमती नीता काश्यप ने निवास पर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटी, जिला मंत्री देवेन्द्र वाधवा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक अनिता कटारिया, सोमेश पालीवाल, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता प्रेम उपाध्याय, अशोक जैन लाला, दिनेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, आदित्य डागा, करण धैर्य बड़गोत्या, मण्डल महामंत्री हेमंत राहोरी, कमल सिलावट, लोकेश जायसवाल, विनोद यादव, धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, राकेश परमार, भाजपा जिला टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी, इब्राहिम शैरानी, नंदकिशोर तोषावड़ा, बंटी बोहरा, निर्मल कटारिया, सुनील सारस्वत, अनुज शर्मा, कीर्तिशरणसिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल द्वारा किया गया।

# विधायक पांडे के निवास पर पहुंचे सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, परिवार के साथ पुराने रिश्तों को किया



प्रसारण न्यूज * जावरा

पाण्डेय परिवार से मेरे परिवार का आत्मीय रिश्ता अम्मा महाराज मेरी दादी के समय से रहा है। जिस समय स्व. डा.लक्ष्मीनारायण जी पाण्डेय जनसंघ की विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे उस समय से स्व. श्रीमंत राजमाता मालवा प्रवास के दौरान स्व. पाण्डेय के साथ संपूर्ण क्षेत्र की जनता का स्नेह उन्हें और मेरे परिवार को मिलता रहा है और आज विधायक डा. राजेन्द्र पाण्डेय ने पुनः उन यादों को ताजा किया है।

उक्त विचार भाजपा राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जावरा प्रवास के दौरान स्थानीय विधायक डा. राजेन्द्र पाण्डेय के निवास पर व्यक्त किए। विधायक डा पाण्डेय के निवास पर श्रीमंत सिंधिया का सम्मान करते हुए विधायक डा. राजेन्द्र पाण्डेय, शैलेंद्र पाण्डेय व प्रांजल पाण्डेय ने श्री सिंधिया को स्मृति चिन्ह,शाल, साफा व श्रीफल भेंट किया।इस दौरान पाण्डेय परिवार के साथ श्रीमंत स्व. राजमाता सिंधिया के फोटो व उनके द्वारा उस दौरान प्रेषित पत्रों को देखते हुए भावुक हो गए ।इस दौरान विधायक पाण्डेय ने सांसद सुधीर गुप्ता, झाबुआ सांसद गुमानसिंह डामोर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट,जिला प्रभारी मंत्री ओ पी एस भदोरिया,उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगांव,भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.के.सिंह कालूखेड़ा का भी शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।इस अवसर पर भाजपा नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी महेश सोनी,मंडल अध्यक्ष पवन सोनी,अजय सकलेचा,राजेश शर्मा, अजयसिंह भाटी,घनश्याम सोलंकी,सुरेश पोरवाल अनिल जैन,रजत सोनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वच्छता में कसावट : काम नहीं किया तो नहीं देंगे वेतन

## गलत जानकारी देने पर अब होगी कार्रवाई

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

जोन प्रभारी एवं वार्ड दरोगाओं को वार्डों में सफाई संरक्षकों द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों की फोटो पृथक-पृथक शिफ्टों में अनिवार्य रूप से वाट्सएप पर भेजना होगी। इस आधार पर संबंधित कर्मचारी को वेतन का भुगतान किया जाएगा। ये निर्देश नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए। उन्होंने जोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि वार्डों में कार्यरत सभी सफाई संरक्षकों की कार्य करते हुए कार्य स्थान के साथ प्रथम शिफ्ट में सुबह 6.30 बजे व सुबह 11 बजे एवं दूसरी शिफ्ट में दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे वॉट्सएप पर भेजें। फोटो के आधार पर स्थल पर जाकर काम का अवलोकन किया जाए। इसी आधार पर कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाएगा।

इसके अलावा निगम आयुक्त झारिया ने सभी कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर व हेल्परों में उपस्थिति दर्ज करने हेतु दोहरी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत कर्मशाला विभाग के लिपिक द्वारा उपस्थिति दर्ज करने के बाद जोन प्रभारियों द्वारा भी अलग रजिस्टर संधारण किया जाएगा। सुबह 6 बजे एवं दोपहर 2 बजे अपने-अपने वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन लेकर जाएंगे। इसके बाद हर रोज शाम को 5.30 बजे वाहन जमा कराते समय वाहन के कुल राउंड की एंट्री की जाएगी। गलत जानकारी देने पर कार्रवाई की जाएगी। भास्कर

दै. भास्कर 6/7/21

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो होगी कार्यवाही

रतलाम ● स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश 6/7/21

# गंदगी फैलाने पर 19 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में 19 दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया। ...

# 72 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित ...

**अल्टीमेटम** • झुलवानिया से बिबड़ौद तक 1800 हेक्टेयर में बनने वाले प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े निवेश क्षेत्र का विरोध शुरू

# 'एक महीने में निवेश क्षेत्र का प्लान निरस्त नहीं किया तो कलेक्टोरेट में गाय-ढोर लाकर बांध देंगे'

- गुलाब चक्कर पर दो घंटे तक प्रदर्शन किया
- प्राकृतिक क्षेत्र में निवेश क्षेत्र बनाने से भी नाराज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

झुलवानिया से बिबड़ौद तक 1800 हेक्टेयर में बनने वाले प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े निवेश क्षेत्र का विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को रामपुरिया, पलसोड़ी, बिबड़ौद, झुलवानिया, राजपुरा पंचायत के विभिन्न गांवों के आदिवासी शहर पहुंचे और गुलाब चक्कर में प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक प्रदर्शन चला। इसमें सभी ने इस निवेश क्षेत्र को निरस्त करने की मांग की।

आदिवासी नेताओं ने बताया यदि निवेश क्षेत्र बनता है तो आदिवासी बर्बाद हो जाएंगे क्योंकि ये क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। इससे जैसे-तैसे जमीन पर खेती कर आदिवासी गुजर बसर कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। 1800 हेक्टेयर में निवेश क्षेत्र बनने जा रहा है। यदि यह बनेगा और फैक्ट्रियां शुरू होती हैं तो आदिवासी कहीं के नहीं रहेंगे। प्रशासन बोल रहा है कि निवेश क्षेत्र विकसित होगा तो 24 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा लेकिन इतनी जमीन जाएगी तो रोजगार तो नहीं मिलेगा उलटा 24 हजार लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। करीब दो घंटे तक प्रदर्शन चला। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आदिवासी नेताओं ने चेतावनी भी दी है कि किसी भी स्थिति में निवेश क्षेत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभी तो हम शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन हम प्रशासन को एक महीने का समय देते हैं। इस दरम्यान यदि निवेश क्षेत्र की प्लानिंग निरस्त नहीं की तो अगली बार गाय-ढोर के साथ आएंगे और कलेक्टोरेट में अपने सारे ढोर बांध देंगे। इसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी। इस मौके पर डॉ. अभय ओहरी, ध्यानवीर डामोर, निलेश खराड़ी, चुंदू मईड़ा, राजेश भरावा, डीपी धाकड़, राजेश भरावा, संतोष मईड़ा, राहुल डामोर सहित विभिन्न आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आदिवासी नेता-बोले निवेश क्षेत्र स्वीकार्य नहीं, प्रशासन को खुली चेतावनी दी



गुलाब चक्कर में प्रदर्शन करते विभिन्न पंचायतों से आए आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी। फोटो | पिंटू मेहता

### विरोध की वजह

- बिबड़ौद में पहले केमिकल फैक्ट्री थी। यह फैक्ट्री भले दस साल से ज्यादा समय पहले बंद हो गई है लेकिन आज भी आसपास के गांवों में लाल पानी की समस्या व्याप्त है। उद्योग शुरू होने से प्रदूषण फिर बढ़ने लगेगा।
- जहां निवेश क्षेत्र बनाया जा रहा है वो आदिवासी अनुसूचित क्षेत्र है। इसमें ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर ही जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई की जा सकती है। पंचायतों से सहमति नहीं ली।
- यहां आदिवासी किसानों की जमीन है और कई आदिवासी किसानों की रोजी-रोटी दूध के कारोबार से चलती है। ऐसे में जमीन अधिग्रहण होने से चारे की समस्या शुरू हो जाएगी। पशुओं का चारा नहीं मिलेगा।
- फैक्ट्रियां डलने से इन जमीनों के साथ ही आसपास की कई हेक्टेयर जमीन भी बंजर हो जाएगी। इससे आसपास के खेत भी तबाह हो जाएंगे।

दै. भास्कर 6/7/21

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जावेगी। वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

नवभारत

नवभारत 6/7/21

# नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़कों व

# महाअभियान में एक लाख 43 हजार लोगों को लगाया टीका, आज नहीं होगा वैक्सीनेशन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि) कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर जिले में चल रहे महाअभियान के तहत 21 जून से 5 जुलाई तक एक लाख 43 हजार 376 लोगों को टीका लगाया गया है। इस अभियान के दौरान 18-44 आयु वर्ग के एक लाख 671 लोगों को तथा 45 वर्ष से अधिक आयु के 42690 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है। अब दूसरे डोज वालों के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सोमवार को जिले में कुल 12323 लोगों को कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाया गया।



बिलपांक में कोविशील्ड के दूसरे डोज के लिए लाइन में खड़े ग्रामीण। •नईदुनिया

इस दौरान आलोट विकासखंड में 1094, बाजना में 524, सैलाना में 503, जावरा में 2120, पिपलौदा में 1042, रतलाम ग्रामीण में 1081, रतलाम शहर में 5959 का वैक्सीनेशन किया गया। इस दौरान 18 से 44 आयु वर्ग के 227 लोगों, जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु के 12096 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। मंगलवार को वैक्सीनेशन नहीं होगा। महाअभियान में अभी तक आलोट में 17689, बाजना में 8149, सैलाना में 9758, जावरा में 21255, पिपलौदा में 11459, रतलाम ग्रामीण में 23101 तथा रतलाम शहर में 51965 का वैक्सीनेशन किया गया है।

**टोकन वितरण को लेकर नाराजगी:** सोमवार को रतलाम शहर के डोंगरे नगर स्थित बोधि स्कूल सेंटर पर सुबह टीका लगवाने आए अधिकांश लोगों को बगैर टीका लगवाए जाना पड़ा। यहां टोकन वितरण में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए। क्षेत्रीय रहवासी राजेश सक्सेना ने बताया कि 15 नंबर के बाद सीधे 65 नंबर का टोकन दिया गया। कुछ लोगों को 10-10 टोकन दिए गए। क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी में एक ही पार्टी के लोगों को लिया गया है। इससे व्यवस्था बिगड़ रही है। हर दल व वर्ग से कमेटी में लोगों को लिया जाए तो व्यवस्था में पारदर्शिता रहेगी।

**समय से पहले पूरा हो गया लक्ष्य**

प्रीतमनगर। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिलपांक पर आयोजित शिविर में 200 लोगों को कोविशील्ड का दूसरा टीका लगाया गया। पंचायत सचिव मुकेश पोरवाल ने बताया कि केंद्र पर सुबह से ग्रामीणों की चहल-पहल रही। साढ़े ग्यारह बजे ही डोज खत्म हो गए। कई लोगों को बिना टीकाकरण के लौटना पड़ा।

ग्राम के संजय, सुरेश जायसवाल ने प्रीतमनगर में भी टीकाकरण के लिए शिविर लगाने की मांग की है। युवाओं में टीकाकरण शिविर नहीं लगाने के कारण आक्रोश है।

## सरवन में 100 लोगों को लगाए टीके

सरवन। ग्राम पंचायत भवन में समय से पहले 100 लोगों को टीके लगा दिए गए। कई लोग बिना टीका लगवाए भी लौटे। इस दौरान टीकाकरण दल प्रभारी कमलेश राठौर, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक केके परमार, ग्राम पंचायत सचिव छगन मईड़ा आदि उपस्थित थे।

## नामली में 215 लोगों को लगाए टीके

नामली। नगर में सोमवार को 215 लोगों को टीके लगाए गए। टीकाकरण को लेकर शासकीय बालक छात्रावास पर केंद्र बनाया गया था। इसमें द्वितीय टीका लगवाने वालों को सुबह टोकन वितरण किए गए।



नामली केंद्र पर महिला को टीका लगाती हुई नर्स रेणुका बामनिया। •नईदुनिया

नईदुनिया 6/7/21

# दिलीप नगर से पुलिस ने सड़क पर फैला कबाड़ हटवाया



रतलाम | दिलीप नगर में सड़क पर बिखरा कबाड़ा हटवाकर अतिक्रमण हटाया। स्टेशन रोड पुलिस ने कबाड़ा व्यवसायी के खिलाफ न्यूसेंस फैलाने की धारा में सीआरपीसी की धारा में कार्यवाही की है। प्रधान आरक्षक राजरूपसिंह झाला ने बताया कबाड़ा व्यवसायी रवि कबाड़ी ने दिलीप नगर में आम रोड पर कबाड़े का सामान, प्लास्टिक की वस्तुएं और कूड़ा-करकट एकत्र कर रहवासी बस्ती में ही सड़क पर फैला रखा था। कूड़ा-करकट में रोगों से संक्रमित वस्तुएं भी रहवासी क्षेत्र में आम रोड पर बस्ती के तंग रास्तों में फैली थी। आरोपी रवि कबाड़े की पैकिंग करवाकर ट्रकों से अन्य शहरों में भिजवाता है। न्यूसेंस पैदा करने के आरोप में रवि के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

दै. भास्कर 6/7/21

# भाजपा कार्यकर्ता टीकाकरण में प्रशासन एवं आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं- काश्यप

रतलाम ● कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की व्यवस्था के संबंध में विधायक चेतन्य काश्यप ने भाजपा टीकाकरण प्रभारियों से चर्चा की। चर्चा उपरांत उन्होंने एसडीएम अभिषेक गेहलोत से चर्चा कर टीकाकरण कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

टीकाकरण प्रभारियों के साथ हुई चर्चा में बताया गया कि कोरोना टीकाकरण अभियान की व्यवस्था में हाल ही में जो परिवर्तन हुए हैं उससे आमजन की काफी परेशानी हो रही है। भाजपा कार्यकर्ता प्रशासन एवं आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। विधायक श्री काश्यप ने सेवा ही संगठन के मूल मंत्र को लेकर टीकाकरण अभियान में अब तक कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सहयोग की जानकारी प्राप्त की और कार्यकर्ताओं के सहयोग की सराहना की। इस दौरान भाजपा जिला टीकाकरण प्रभारी गोविन्द काकानी, विधानसभा प्रभारी सोमेश पालीवाल, सेवा ही संगठन प्रभारी जयवंत कोठारी, निर्मल कटारिया, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित एवं कृष्णकुमार सोनी आदि मौजूद थे।

स्वदेश 8/7/21

# रतलाम : बढ़ा संक्रमण का ग्राफ... 2 दिन में मिले 8 नए कोरोना पॉजिटिव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले का कोरोना ग्राफ एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। 2 दिन में 8 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। जबकि आंकड़ा 0 से 3 के आसपास ही था। रविवार को 4 और सोमवार को भी 4 पॉजिटिव मिले। जिले में अब कुल कोरोना पॉजिटिव 17492 हो गए हैं। कम पॉजिटिव के चलते एक्टिव केस भी 10 के करीब आ गए थे जो कि अब दोबारा 20 हो गए हैं। इससे पहले 1 जुलाई को एक्टिव केस 25 थे। जिले में सोमवार को सिर्फ एक मरीज को ही डिस्चार्ज किया गया है। इधर कोरोना के 2 दिन से बढ़ रहे आंकड़े ने चिंता भी बढ़ा दी है। जिम्मेदारों के मुताबिक शहर में प्रवेश करने वाले मार्ग पर रैंडम सैंपल लिए जा रहे हैं। इसी के साथ ही मास्क को लेकर लगातार चालानी कार्रवाई हो रही है। प्रोटोकॉल को लेकर लगातार सख्ती जारी रहेगी। प्रशासन ने पिछले दिनों इसके चलते ज्ञापन देने वालों की संख्या भी सीमित कर पांच कर दी है। इससे अधिक लोग शासकीय दफ्तरों में ज्ञापन देने के

# कोरोना काल में प्रभावित योजनाओ में गति और मानवीय दृष्टिकोण को बल मिले इसका पूरा ध्यान रखूंगा





## प्रभारी मंत्री भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा



रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने यहा कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री ने जिस मंशा से यहां का जिला प्रभारी बनाया है। मैं उस मंशा के अनुरूप खरा उतरू यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी। वह प्रदेश अग्रणी प्रदेश बनाने में लगे है। मेरा प्रयास होगा कि मैं रतलाम जिले को प्रदेश में अग्रणी जिला बनाऊं, जिले का समग्र विकास हो। कोरोना काल में जो योजनाएं प्रभावित हुई उन योजनाओं में गति आए और मानवीय दृष्टिकोण को बल मिले इसका मैं पूरा ध्यान रखूंगा।

श्री भदौरिया प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार यहां पहुंचे। सर्किट हाउस पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद उन्होंने पत्रकारों से अनोपचारिक मुलाकात की। पत्रकारों ने रतलाम की समस्या को लेकर उनका ध्यान आकर्षित किया। पानी और बिजली के संकट से अवगत करवाया और कहा कि दोनों समय नगर निगम द्वारा जल प्रदाय करने की बात कही गई थी, लेकिन दोनों समय तो ठीक एक समय भी नियमित नहीं मिल रहा है। बिजली की आंख मिचौनी से किसान परेशान है। भारी भरकम बिल दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वे विभागिय कार्यों की समीक्षा करेंगे और हर संभव प्रयास होगा कि जो घोषणाएं की गई है वह अमली रूप ले।

### वर्षों से नहीं बनाए गए समिति में सलाहकार सदस्य

श्री भदौरिया को यह भी बताया गया कि विभागीय सलाहकार समितियां जिनमें जनप्रतिनिधि सदस्य होते है वे वर्षों से खाली पड़ी है। विकास प्राधिकरण सहित अन्य पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई है जिसके कारण कार्यकर्ता उपेक्षित महसूस कर रहे है। कार्यकर्ताओं को महत्व मिले इसके लिए आपकी क्या योजना रहेगी?

### कार्यकर्ताओं को महत्व मिलना चाहिए

उन्होंने बताया कि वे विभागीय समीक्षा के दौरान इन बातों का भी ध्यान रखेंगे और पूरा प्रयास करेंगे कि कार्यकर्ताओं को महत्व मिले, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के बारे में भी यह कह दिया कि उसमें लोकतंत्र नहीं है वह व्यक्तिवादी पार्टी है, इसमें हमें घुटन महसूस हो रही थी इसलिए हमने हमारे नेता सिंधिया के साथ भाजपा का दामन थामा है। हम पूर्ण निष्ठा से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहे है। सेवा के लिए हम राजनीति में आए है और उसी अनुरूप कार्य करेंगे। जब उनसे यह पूछा गया कि आप भाजपा में शामिल होने के बाद कैसा महसूस कर रहे है तो उन्होंने प्रसन्न होकर कहा कि अब वे तनाव मुक्त है। पार्टी उन पर पूरा विश्वास कर रही है। यही कारण है कि उन्हें जिम्मेदार विभाग दिया गया है और रतलाम जैसे महत्वपूर्ण जिले का प्रभार भी।

### महिनों बाद किसी नेता का इतना जोरदार स्वागत हुआ

जैसे ही मंत्री श्री भदौरिया सर्किट हाउस पहुंचे उन्होंने अपने कक्ष में पहुंचने के पहले ही कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचना पसंद किया जो काफी समय से उनका इंतजार कर रहे थे। वे अपने निर्धारित समय से विलम्ब से उज्जैन से यहां पहुंचे थे। उनका यह प्रथम दौरा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के रतलाम आगमन को लेकर रहा। श्री भदौरिया सिंधिया खेमे के माने जाते है, इसलिए सिंधिया के इस क्षेत्र में आने पर उनके समर्थक कुछ मंत्री भी इस क्षेत्र में पहुंचे, जिससे उनके समर्थकों में काफी उत्साह था। महिनों बाद सर्किट हाउस पर लोगों का जमावड़ा देखा गया। कोरोना काल में सर्किट हाउस विरान था, केवल अधिकारियों का आना-जाना ही था वह भी कोरोना काल की समीक्षा के लिए और अन्य अधिकारिक कार्य के लिए। जैसे ही कोरोना काल में शिथिलता आई है वैसे ही राजनीतिक गतिविधियां में पुनः गरमाहट आने लगी है। कई महिनों बाद बड़ी तादाद में सिंधिया समर्थक यहां एकत्र हुए जो अब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। नए जोश के साथ सिंधिया समर्थकों में अपने साथियों को मजबूत बनाने के लिए अब एक जुट होंगे और उनके ही खेमे का प्रभारी मंत्री मिलने से उनमें काफी प्रसन्नता और खुशी का माहौल देखा गया। श्री भदौरिया आज दूसरे दिन भी जिलेभर के कार्यकर्ताओं से सर्किट हाउस पर मिलते रहे, उनकी समस्याएं सुनी, जिनमें कई वरिष्ठ नेता भी शामिल है। श्री भदौरिया ने कलेक्टर तथा एसपी से पृथक से चर्चा कर जिले की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कई वरिष्ठ नेताओं ने भी उनसे अलग से बात की।

स्वदेश 6/7/21



भोपाल। मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास की बैठक हुई।

# मप्र में तीसरी लहर की आशंका खत्म होने तक नहीं खुलेंगे स्कूल

## ट्यूशन फीस के अलावा कोई राशि नहीं वसूली जाएगी-मुख्यमंत्री

**भोपाल ● 5 जुलाई ( ब्यूरो )**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है, कोरोना की तीसरी लहर से इनकार नहीं किया जा सकता। बच्चों की जिंदगी दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए तीसरी लहर की आशंका समाप्त होने के बाद ही स्कूल खुलेंगे। केवल पूर्व निर्धारित ट्यूशन फीस ली जा सकेगी। इसमें कोई वृद्धि नहीं होगी और न ही इसके अतिरिक्त कोई शुल्क वसूला जा सकेगा। मुझे चिंता इस बात की है कि लोग अब बिना मास्क के ही बाहर घूम रहे हैं। जनता यह भूल जाती है, कोरोना की दूसरी लहर में कितने कष्ट उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के सामने बाजार में एक साथ 600 से ज्यादा लोग देखे गए। इसमें से 70 ने मास्क नहीं लगाया था। यह तीसरी लहर को न्योता है। मुख्यमंत्री ने सोमवार देर शाम प्रदेश के सभी कोविड प्रभारी मंत्री, अधिकारी, कर्मचारी व क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों के तीसरी लहर के नियंत्रण को लेकर बैठक की।

### अब एसबीआई की रिपोर्ट में जताई आशंका

# भारत में अगस्त में आएगी कोरोना की तीसरी लहर, सितंबर में पीक

**नई दिल्ली ● 5 जुलाई ( वा )**

भारत में अभी कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार धीमी ही पड़ी है कि तीसरी लहर को लेकर कयास लगने लगे हैं। इस बात की संभावना जताई जाने लगी है कि अगस्त तक इस महामारी की तीसरी लहर आ सकती है, जो कि सितंबर तक अपने चरम पर पहुंच जाएगी। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तैयार एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। एसबीआई की कोविड-19 रेस टू फिनिशिंग लाइन रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है- मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, भारत में जुलाई के दूसरे सप्ताह के आसपास रोजाना लगभग 10,000 कोविड-19 मामले सामने आ सकते हैं।

*□ हालांकि, मामले अगस्त के दूसरे पखवाड़े तक बढ़ सकते हैं। रिसर्च में कहा गया है कि अनुमान रुझानों पर आधारित हैं। वैश्विक डेटा से पता चलता है कि औसतन, तीसरी लहर के दौरान पहुंचने वाले चरम मामले कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर से लगभग दो या 1.7 गुना अधिक हैं। अधिकांश विशेषज्ञ लगभग एकमत हैं कि देश में कोरोना की तीसरी लहर आएगी। जून में प्रकाशित एसबीआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संभावित तीसरी लहर दूसरी जितनी गंभीर हो सकती है। हालांकि यह भी कहा गया है कि संक्रमण की संख्या दूसरी लहर के कारण कम भी हो सकती है।*

स्वदेश 6/7/21

# लॉकडाउन के बाद संकट में सरकार : हमारे जिले में पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों को अब तक नहीं मिली सैलरी

## ▪ कायदा : हर महीने की अंतिम तारीख तक वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन हर महीने ही लेट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

महीने के पांच दिन गुजरने के बाद भी कई विभागों के कर्मचारियों को अब तक वेतन नहीं मिल पाया है। इससे कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। वजह कर्मचारियों द्वारा होम लोन, ऑटो लोन सहित अन्य लोन लेना है। कर्मचारियों की किस्तें कटने वाली हैं। ऐसे में यदि जल्द वेतन जारी नहीं हुआ तो कर्मचारियों को दिक्कत आएगी और अकाउंट में राशि नहीं होने से उन्हें पेनल्टी चुकाना होगी। वहीं कर्मचारियों का सिविल स्कोर खराब होगा सो अलग।

जिला कोषालय द्वारा हर महीने जिले के 99 कार्यालयों के 12,498 कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाता है। नियम के मुताबिक कर्मचारी को हर महीने की अंतिम तारीख पर वेतन मिल जाना चाहिए लेकिन महीने के 6 दिन गुजरने के बाद भी जिले पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों के अकाउंट में अब तक सैलरी नहीं पहुंच पाई है। इससे कर्मचारियों को वेतन का इंतजार है। वेतन के मामले में सबसे ज्यादा स्थिति आदिम जाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग की खराब है। कर्मचारियों एवं शिक्षकों को तो हर महीने ही देर से वेतन जारी किया जाता है।

**इन विभागों को नहीं मिली सैलरी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3200 | 2200 | 70 | 450 | 500 | 150 |
| शिक्षा विभाग | आदिम जाति कल्याण | आबकारी विभाग के कर्मचारी | स्वास्थ्य विभाग | पंचायत विभाग | होमगार्ड विभाग |

### जानिए : वेतन वैक्सीन का सर्टिफिकेट कई विभाग जमा ही नहीं करा सके

1. इस बार वेतन वैक्सीन सर्टिफिकेट आधार पर जारी होना है। विभागों को 100 फीसदी कर्मचारियों को वैक्सीनेशन की जानकारी देना है व वेतन बिलों के साथ वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत करना है। इस आधार पर वेतन जारी होगा। कई विभागों के सर्टिफिकेट नहीं मिले।

2. कोषालय द्वारा विभागों से प्राप्त होने वाले बिलों के आधार पर वेतन जारी किया जाता है। विभागों द्वारा समय पर बिल नहीं पहुंचाना है। बिल पहुंचने के बाद इसे स्वीकृति के लिए भेजा जाता है और इसके बाद वेतन जारी किया जाता है। विभागों द्वारा देरी से बिल जारी करना।

3. आदिवासी विकास विभाग में ग्लोबल बजट से वेतन जारी किया जाता है। इसमें जो समय पर बिल लगा देते हैं उन विभागों को वेतन जारी हो जाता है। चूंकि ग्लोबल बजट रहता है। फिर जो विभाग देर से बिल लगाते हैं उन्हें वेतन जारी नहीं हो पाता है व दोबारा बजट पर वेतन जारी होता है।

### आए दिन लेट हो रही सैलरी

मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सर्वेश माथुर ने बताया कि एकाध महीना हो तो चलता है लेकिन आए दिन सैलरी लेट होना कहां का नियम है। आदिवासी विकास विभाग में तो हर महीने ही यही स्थिति हो गई है। कई कर्मचारियों ने लोन ले रखा है। ऐसे में उन्हें पेनल्टी चुकाना पड़ेगी।

### रोके गए वेतन पर ब्याज अदा करना होगा

सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों के वेतन के मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 और 300ए के तहत निर्धारित तारीख पर वेतन पाना कर्मचारी का अधिकार है। सरकार किसी भी स्थिति में कर्मचारी का वेतन नहीं रोक सकती। यदि रोक दिया है तो सरकार को वेतन पर ब्याज अदा करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ब्याज अदा करने को सरकार को दंडित किए जाने के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।

दै. भास्कर 6/7/21

**सुबह 5 बजे से केंद्र पर डटे** • पहला हुआ नहीं व वैक्सीनेशन का दूसरा डोज बना चुनौती

# केंद्रों से 62% लौटे क्योंकि 38% लोगों के लिए ही मिली थी वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में सोमवार को कोविशील्ड का दूसरा टीका लगाया गया। पहला टीका लगवाने के लिए मशक्कत थी लेकिन अब दूसरे डोज के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ा। केंद्रों से 62% लोग निराश होकर लौटे ऐसा इसलिए क्योंकि 38 प्रतिशत लोगों के लिए ही वैक्सीन उपलब्ध थी। इधर लोगों में उत्साह ऐसा था कि सुबह 4 बजे से ही टोकन लेने के लिए केंद्रों पर लोग पहुंचना शुरू हो गए थे। 8 बजे जब केंद्रों पर टोकन बंटना शुरू हुए तो कई केंद्रों पर 15 मिनट में ही पर्ची समाप्त हो गई।

जिले में जिस रफ्तार से पहला डोज लग रहा है, उसी रफ्तार से दूसरा डोज लगना जरूरी है। हालांकि अभी 84 दिन पहले जिन लोगों को वैक्सीन का पहला डोज लगा था उनके ही दूसरे डोज में परेशानी हो रही है। सोमवार को जिले में 31,012 लोगों को कोविशील्ड का दूसरा डोज लगना था लेकिन कम वैक्सीन ने ज्यादा लोगों को परेशान कर दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि जिले में 12,323 लोगों को ही टीके लग सके। वार्ड 11 व 12 के लोगों के लिए बने केंद्र में 8.15 बजे ही टोकन समाप्त हो गए, अन्य केंद्रों पर भी ऐसी ही स्थिति बनी। कई केंद्रों पर विवाद की नौबत भी बनी।

## मायूसी : सिर्फ 15 मिनट में बोर्ड लगा दिया- टोकन पर्ची खत्म




वैक्सीन सेंटरों पर इस तरह बोर्ड लगाकर बताया टोकन पर्ची खत्म हुई।

### टोकन होने के बावजूद कहा- वैक्सीन खत्म हो गई

- इधर दोपहर 1 बजे मालीकुआं में वैक्सीन खत्म होने की बात कही गई। जो लोग टोकन लेकर पहुंच रहे थे उन्हें भी कहा कि वैक्सीन नहीं है।
- 21 जून से अब तक 1.43 लाख लोगों को लग चुकी है वैक्सीन, सेकंड डोज बड़ी चुनौती, तीन ब्लॉक में 100% टारगेट पूरा
- जिले में 21 जून से 1.43 लाख को वैक्सीन लग चुकी है। लक्ष्य 1.50 लाख का है।
- जिले का 95.58% टारगेट पूरा हो चुका है। शहर में 51965 लोगों को वैक्सीन लगी है।
- जावरा, पिपलौदा और रतलाम ग्रामीण में लक्ष्य का 100% वैक्सीनेशन हो चुका है।
- सैलाना भी 100% के करीब। यहां 97% को टीके लगे हैं।
- आलोट में 88.45%, बाजना में 81.49%, रतलाम शहर में 86.61% लोगों को वैक्सीन लक्ष्य के मुकाबले लगी है।
- सोमवार को सभी ब्लॉक में 100% से ज्यादा ही टीकाकरण हुआ है।

### कोविशील्ड का दूसरा डोज, कहां कितनों को लगना थे

| ब्लॉक | दूसरा डोज बाकी था | दूसरा डोज लगा |
|---|---|---|
| आलोट | 3729 | 1094 |
| बाजना | 1521 | 524 |
| जावरा | 4911 | 2120 |
| पिपलौदा | 2923 | 1042 |
| ग्रामीण | 3352 | 1081 |
| शहरी | 13149 | 5959 |
| सैलाना | 1427 | 503 |

**रतलाम में अभी भी 29.98% आबादी को ही लगा है पहला टीका** - जिले में अभी भी 29.98% आबादी को ही वैक्सीन का पहला डोज लग सका है। जिले में 1117893 लोगों को टीके लगाए जाना हैं लेकिन अब तक 335196 लोगों को ही टीके लगे हैं। 18+ की 23.35% लोगों को वैक्सीन लगी है।

**आज नहीं होगा टीकाकरण** - जिले में मंगलवार को टीकाकरण नहीं होगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सामान्य टीके के कारण कोविड का टीकाकरण नहीं होगा। अगला सत्र बुधवार को संभव है।

भास्कर

दै. भास्कर 6/7/21

# 'हमारा रतलाम-नया रतलाम' की विचारधारा को देंगे साकार रूप : सिंधिया





## विशेष निवेश क्षेत्र से मालवा-निमाड़ का प्रमुख केन्द्र बनेगा रतलाम : काश्यप

प्रसारण न्यूज़ ✦ रतलाम

राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया रतलाम प्रवास के दौरान विधायक चेतन्य काश्यप के जनसंपर्क कार्यालय पर पहुंचे। यहां आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि श्री काश्यप के नेतृत्व में 'हमारा रतलाम-नया रतलाम' की जो विचारधारा दिखी है, उसे हम सबको साथ मिलकर साकार रूप देना है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम में विशेष निवेश क्षेत्र बनाने की जो घोषणा की है उसे सब मिलकर जल्द ही मूर्त रूप देंगे।

विधायक श्री काश्यप के कार्यालय पर श्री सिंधिया का ... इण्डस्ट्रीयल कोरीडोर) के तहत वर्ष 2014 में रतलाम के विकास हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसे आगे बढ़ाते हुए रतलाम में 1800 हेक्टेयर में 1800 करोड़ की लागत से विशेष निवेश क्षेत्र की घोषणा की है। यह क्षेत्र दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे से 4 किलोमीटर की दूरी पर बनेगा और इससे रतलाम में बड़ा निवेश होगा। श्री काश्यप ने कहा कि विशेष क्षेत्र रतलाम की दिशा बदल देगा। इससे मालवा निमाड़ में यह क्षेत्र पुन-प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक केन्द्र के रूप में स्थापित होगा।

श्री सिंधिया ने कहा कि वे कोरोना काल में हुई हानि के प्रति ... के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में सरकार सहित हर व्यक्ति ऑक्सीजन, रेमडेसिवीर आदि के प्रबंध में जुटा रहा। रतलाम में विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से अल्प समय में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई, जिससे रतलाम सहित आसपास के जिलों एवं पड़ोसी राज्यों को भी लाभ मिला और कोरोना पर काबू पाया जा सका। श्री काश्यप ने ऑक्सीजन संकट के दौरान मेडिकल कॉलेज में अपने फाउण्डेशन से प्लांट की स्थापना सहित पूरे मालवांचल में कंसंट्रेटर व प्लांट का प्रबंध किया जो अनुकरणीय है। आज खुशी की बात है कि मालवा के कई जिलों में टेस्टिंग जानी ही हो रही है ...

ओ.पी.एस. भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटी, जिला मंत्री देवेन्द्र वाधवा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक अनिता कटारिया, सोमेश पालीवाल, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता प्रेम उपाध्याय, अशोक जैन लाला, दिनेश शर्मा ...

## विधायक पांडे के निवास पर पहुंचे सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, परिवार के साथ पुराने रिश्तों को किया



प्रसारण न्यूज़ ✦ जावरा

पाण्डेय परिवार से मेरे परिवार का आत्मीय रिश्ता अम्मा महाराज मेरी दादी के समय से रहा है। जिस समय स्व. डा.लक्ष्मीनारायण जी पाण्डेय जनसंघ की विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे उस समय से स्व. श्रीमंत राजमाता मालवा प्रवास के दौरान स्व. पाण्डेय के साथ संपूर्ण क्षेत्र की जनता का स्नेह उन्हें और मेरे परिवार को मिलता रहा है और आज ...

# राज्यमंत्री ओपीएस भदोरिया का आत्मिय अभिनन्दन किया



प्रशासन न्यूज़ ✦ रतलाम

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदोरिया के प्रथम नगर आगमन पर राजपूत नवयुवक मण्डल एवं न्यास द्वारा उनका साफा बांधकर, पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मिय अभिनन्दन किया। साथ ही हाथीखाना स्थित राजपूत धर्मशाला भवन के भव्य विस्तार का अवलोकन करने का निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदोरिया, न्यास अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गोयल, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह देवड़ा, आडमसिंह राठौर, किशोरसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह राठौर, मनोहरसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, सुरेशसिंह चावड़ा, क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

प्रसा० 16/7/21

# मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप सब के सहयोग से जिले का चहुंमुखी विकास किया जाएगा प्रभारी मंत्री भदोरिया



प्रशासन न्यूज़ ✦ रतलाम

[illegible]

# म.प्र में अवैध कॉलोनियों को वैध करने लाया जाएगा अध्यादेश, रहवासियों को मिलेगी सुविधा

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

भोपाल । मध्य प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए शिवराज सरकार अब अध्यादेश लाने जा रही है। इसके माध्यम से 1869 अनाधिकृत (अवैध) कॉलोनियों को नियमित करने का अधिकार निकायों को मिलेगा। इसके पहले पांच हजार से ज्यादा कॉलोनियों को शुल्क लेकर नियमित किया जा चुका है। इनका प्रबंधन नगरीय निकायों ने अपने हाथ में ले लिया है पर तीन जून 2019 के बाद से कोई अवैध कॉलोनी नियमित नहीं हुई क्योंकि हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनाइजर संबंधी शर्तों के एक नियम को रद कर दिया था।

इससे रहवासियों के हितों पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। अभी विधानसभा का सत्र नहीं है इसलिए अध्यादेश लाने की तैयारी की गई है। इसके प्रारूप को मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का मामला काफी समय से चल रहा है। समय-समय पर कॉलोनियों को वैधता भी दी गई पर तीन जून 2019 को हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद यह काम रुक गया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नियम बनाने की बात कही थी पर तैयारी के बीच ही सत्ता परिवर्तन हो गया। शिवराज सरकार ने मार्च 2021 के बजट सत्र में संशोधन विधेयक लाने की तैयारी की थी पर कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए सत्र समय से पहले स्थगित हो गया। विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से प्रविधान लागू करने की तैयारी की है।

**दिसंबर 2016 तक के निर्माण होंगे शामिल-** मध्य प्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 1998 में नियम 15-क जोड़ा गया था। इसमें 31 जून 1998 तक विकसित अनाधिकृत कॉलोनियों तथा उसमें भूखंडों पर अवैध निर्माण का शुल्क लेकर नियमितीकरण करने का प्रविधान था। इस समय सीमा को पहले 30 जून 2002 तक फिर 31 दिसंबर 2016 तक बढ़ाया गया था।

**यह होगा फायदा-बैंक से भूखंड पर ऋण ले सकेंगे।**

सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाएं नगरीय निकायों के माध्यम से मिल सकेंगी।

स्वीकृत नक्शे से अधिक निर्माण यदि 20 फीसद तक है तो उसे समझौता शुल्क लेकर मान्य किया जाएगा। इससे अधिक को तोड़ा जाएगा।

निकायों की आय बढ़ेगी और विवाद भी खत्म होंगे।

**सख्ती भी होगी-**बिना निर्माण कॉलोनी बनाने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सात साल की सजा और दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकेगा। रहवासी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। कॉलोनाइजर यदि जुर्माने की राशि नहीं चुकाते हैं तो बैंक गारंटी या संपत्ति कुर्क करके वसूली की जाएगी। यदि अवैध निर्माण होता है तो संबंधित नगरीय निकाय के अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय होगी।

स्वतंत्र एलान 6/7/21

# मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप सब के सहयोग से रतलाम जिले का चहुंमुखी विकास किया जाएगा प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया का रविवार को प्रथम रतलाम आगमन पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। स्थानीय सर्किट हाउस पर मौजूद जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पहारों से प्रभारी मंत्री का अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिलीप मकवाना, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार विकसित रतलाम बनाने के लिए सबके सहयोग से कार्य करेंगे। शासकीय योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन हो, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले। समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को समय पर बिजली मिले और समय पर ही मेंटेनेंस भी हो। शासन द्वारा निर्धारित नीति अनुसार ही स्थानांतरण प्रक्रिया रहेगी। दक्ष एवं योग्य अधिकारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जो अधिकारी, कर्मचारी कार्य नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र [illegible] 6/7/21

विकास शाखा व निगम में लंबित है कई नामांतरण

# काम नगर निगम का, नगर निवेश विभाग का हवाला देकर अड़ंगा लगाने का आरोप

पत्रिका न्यूज पंच

रतलाम. नगर निगम व विकास शाखा ने मिलकर भूमि, दुकान सहित अन्य संपत्ती का नामांतरण को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की मंजूरी का नहीं, का हवाला देकर रोक रखा है। ऐसे में कई लोग दो वर्ष से नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। इन सब के बीच नगर व ग्राम निवेश विभाग ने नगर निगम को लिखित में यह दे दिया है उनके विभाग की नामांतरण में मंजूरी की जरुरत नहीं है।

शहर में विकासशाखा याने की पूर्व के नगर सुधार न्यास की कई कॉलोनियां हैं। इन कॉलोनियों में लीज को बढ़ाने का मामला हो या बिक्री के बाद नाम हस्तांतरण का, नगर निगम यह कहकर नामांतरण रोक देता है कि नगर व ग्राम निवेश विभाग की इसमे मंजूरी की जरुरत है। जब तक उस विभाग की मंजूरी नहीं आएगी तब तक नगर निगम नामांतरण नहीं करेगा या लीज को नहीं बढ़ाएगा। ऐसे में शहर में सैकड़ो भवन, भुखंड के नामांतरण नगर निगम में लंबित ही पड़े हुए है। इसके लिए आमजन जिनको यह कार्य करवाना है, आए दिन चक्कर काट रहे हैं। करीब दो वर्ष से फाइलों का अंबार लगा हुआ है। लेकिन इस मामले में नगर निगम अब तक इस पर निर्णय नहीं ले रहा है।

## अब आया यह जवाब

इस मामले में जब नगर व ग्राम निवेश विभाग को पता चला की उनके कार्यालय की मंजूरी का हवाला देकर नगर निगम आमजन के काम को रोक रहा है तो उन्होंने निगम की विकास शाखा को पत्र ही जारी कर दिया। विभाग के उपसंचालक जीएल वर्मा ने निगम के विकास शाखा को लताड़ वाला पत्र लिख दिया है। नगर सुधार न्यास की योजनाओं के विभाजीत भूखंड का लीज नवीनीकरण व नामांतरण के लिए पत्र भेजा जाता है। अधिनियम 1973 - व मप्र भूमि विकास नियम - 2021 में लीज व नवीनीकरण से संबंधीत प्रावधान ही नहीं है। इसके लिए अनापत्ति नहीं दी जा सकती है। इसलिए नगर निगम स्वयं इस कार्य को करें।

## युवक कांग्रेस ने उठाया मामला

असल में इस पूरे मामले को युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट ने उठाया है। जाट ने बताया की उनके पास कई लोग इस मामले को लेकर आए की सैकड़ों लोग के लीज व नामांतरण को नगर निगम लंबित रखे हुए हैं। इस संबंध में पत्र लिखा है, अगर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन की तैयारी है।

### यह कार्य नगर निगम को ही करना

नए नियम अनुसार हमारे विभाग की पूर्व की स्वीकृत लीज व नामांतरण के लिए कोई भूमिका नहीं है। यह कार्य नगर निगम को ही करना है। - **जीएल वर्मा**, उपसंचालक, नगर व ग्राम निवेश विभाग

### अध्ययन किया जाएगा

इस संबंध में पत्र की जानकारी फिलहाल नहीं है। इसका अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद नियम अनुसार निर्णय लिया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 6/7/21